# अध्याय–12 | पृथ्वी से परे

## QUIZ-01

**1. तारे किसके प्रकाश से चमकते हैं?**

A. सूर्य के

B. चंद्रमा के

C. स्वयं के

D. पृथ्वी के (C)

***व्याख्या :*** तारे स्वयं प्रकाश उत्पन्न करते हैं, इसलिए वे अपने प्रकाश से चमकते हैं।

**2. रात्रि-आकाश का सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?**

A. ध्रुव तारा

B. लुब्धक

C. सूर्य

D. रोहिणी (B)

***व्याख्या :*** लुब्धक (सिरियस) कैनिस मेजर तारा-मंडल का तारा है और रात्रि-आकाश का सबसे चमकीला तारा है।

**3. उत्तर दिशा पहचानने में कौन-सा तारा सहायक है?**

A. लुब्धक

B. ध्रुव तारा

C. रोहिणी

D. आर्द्रा (B)

***व्याख्या :*** ध्रुव तारा उत्तर दिशा में लगभग अचल दिखाई देता है, इसलिए उत्तरी गोलार्ध में इससे उत्तर दिशा पहचानी जा सकती है।

**4. रात में अत्यधिक कृत्रिम प्रकाश को क्या कहते हैं?**

A. वायु प्रदूषण

B. जल प्रदूषण

C. प्रकाश प्रदूषण

D. ध्वनि प्रदूषण (C)

***व्याख्या :*** रात्रि में अत्यधिक कृत्रिम प्रकाश की उपस्थिति को प्रकाश प्रदूषण कहते हैं। इससे तारों को स्पष्ट देखना कठिन हो जाता है।

**5. पृथ्वी के सबसे निकट का तारा कौन-सा है?**

A. लुब्धक

B. ध्रुव तारा

C. सूर्य

D. प्रोक्सिमा सेंटॉरी (C)

***व्याख्या :*** सूर्य एक तारा है और पृथ्वी के सबसे निकट स्थित तारा है।

**6. पृथ्वी अपने अक्ष पर एक घूर्णन लगभग कितने समय में पूरा करती है?**

A. 12 घंटे

B. 24 घंटे

C. 27 दिन

D. 365 दिन (B)

***व्याख्या :*** पृथ्वी अपने अक्ष पर लगभग 24 घंटे में एक घूर्णन पूरा करती है। इसी अवधि को एक दिन कहते हैं।

**7. सौर परिवार में कुल कितने ग्रह हैं?**

A. 7

B. 8

C. 9

D. 10 (B)

***व्याख्या :*** सूर्य की परिक्रमा करने वाले आठ ग्रह हैं— बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और वरुण।

**8. किस ग्रह को भोर का तारा या संध्या का तारा कहा जाता है?**

A. मंगल

B. बुध

C. शुक्र

D. बृहस्पति (C)

***व्याख्या :*** शुक्र भोर और संध्या के समय बहुत चमकीला दिखाई देता है। इसे भोर या संध्या का तारा कहा जाता है, हालाँकि यह वास्तव में एक ग्रह है।

**9. चंद्रमा पृथ्वी की एक परिक्रमा लगभग कितने दिनों में करता है?**

A. 24 दिन B. 27 दिन

C. 30 दिन D. 365 दिन (B)

***व्याख्या :*** चंद्रमा पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह है और पृथ्वी की एक परिक्रमा लगभग 27 दिनों में पूरी करता है।

**10. हमारा सौर परिवार किस आकाशगंगा का भाग है?**

A. एंड्रोमेडा

B. मंदाकिनी आकाशगंगा

C. ओरायन

D. अर्सा मेजर (B)

***व्याख्या :*** हमारा सौर परिवार मंदाकिनी आकाशगंगा (Milky Way) का भाग है। एक मंदाकिनी में करोड़ों से लेकर अरबों तक तारे हो सकते हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App